t41

16.42 hrs.

(ii) RE: CHOUDHARY CHARAN SINGH BIRTH CENTENARY CELEBRATIONS COMMITTEE

Title: Regarding Choudhary Charan Singh Birth Centenary Celebrations Committee.

श्री रामजीलाल सुमन (फिरोजाबाद) : अध्यक्ष महोदय, मैं एक बात कहना चाहता हूं कि आज चौ.चरण सिंह जी का जन्म दिन है। सुबह अन्य मसले सदन के सामने आ गये थे। मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि हाल ही में भारत सरकार ने चौधरी चरण सिंह जन्म शताब्दी समारोह समिति गठित की थी। भारत के महामहिम उप-राट्रपति उसके अध्यक्ष थे। लेकिन बड़े अफसोस की बात है कि पूरा एक साल बीत जाने के बावजूद भी चौ. चरण सिंह जन्म शताब्दी समारोह समिति ने कोई काम नहीं किया। चौ.चरण सिंह किसानों के मसीहा थे। वह हम लोगों के आदर्श थे। उत्तर भारत में आज भी उन्हें लोग बहुत मानते हैं, क्योंकि उन्होंने किसानों के लिए बहुत काम किया था। मैं आपसे विनम्र प्रार्थना करूंगा कि आप सरकार को निर्देश दें कि जो चौ.चरण सिंह जन्म शताब्दी समारोह समिति गठित हुई थी, उस समिति ने कोई काम क्यों नहीं किया, यह बहुत गंभीर मामला है।

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली) : आज चौ.चरण सिंह जी का जन्मदिन है और जन्म शताब्दी समारोह मनाने का सरकार ने निश्चय किया था, लेकिन वह नहीं मनाया गया। हम लोगों को कोई जानकारी नहीं दी गई। यहां किसान, कृाि, कृाि प्रधान देश, रोजगार और बेराजगारों के बारे में बहस हो रही है, लेकिन चौ.चरण सिंह को हम क्यों भूल रहे हैं, सरकार खड़े होकर बताये।

MR. SPEAKER: The Government may take note of this. सरकार इस पर ध्यान दे।

भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संतोा कुमार गंगवार) : चौधरी चरण सिंह जी के बारे में जो यहां विचार व्यक्त किये जा रहे हैं, मुझे स्वयं भी उनके साथ रहने का अवसर मिला है। मैं उनकी महानता से परिचित हूं। जो संदर्भ यहां पर लाया गया है, वास्तव में ऐसे महापुरुाों का हम कायदे से ध्यान रखें। जो बातें आपने बताई हैं, उन्हें मैं समिति के संज्ञान में लाऊंगा।

श्री रामजीलाल सुमन : आपसे उनके बहुत संबंध थे, लेकिन फिर भी कोई कार्यक्रम नहीं हुआ।â€¦ (व्यवधान)

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह : जन्मशताब्दी समारोह का क्या हुआ।

श्री रामजीलाल सुमन : महोदय, चौधरी चरण सिंह जन्म शताब्दी समारोह समिति गठित हुई थी, माननीय उप-राट्रपति उसके अध्यक्ष थे। लेकिन उसकी कोई मीटिंग नहीं हुई, कोई कार्यक्रम पूरे साल में नहीं हुआ।

अध्यक्ष महोदय : यह जीरो ऑवर नहीं है, प्लीज आप बैठिये। चौधरी चरण सिंह जी के प्रति मेरे मन में भी बहुत सम्मान है, उनके प्रति आदर की भावना है। सरकार ने इसे नोट किया है, इससे अधिक और क्या हो सकता है। ऐसा कोई विाय नहीं लेना है जिसके कारण डिस्टर्बेंस हो।

...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Before Shri K.P.Singh Deo speaks, I must tell the hon. Members that the business of the House has to be concluded finally before 5.30 p.m. I have informed the leaders of Parties and they would be coming to the House. Every Member should limit his speech to five minutes. There are five more speakers remaining as per the time allotted. I would like to read out their names: Shri K.P.Singh Deo, Shri Rasa Singh Rawat, Shri G.M. Banatwala, Shri Alakesh Das, Shri Laxman Singh and Shri Prakash Ambedkar.

श्री चन्द्रनाथ सिंह (मछलीशहर) : अध्यक्ष महोदय, हमने भी अपना नाम दिया है। कृपया मुझे भी दो मिनट बोलने का मौका दें।

अध्यक्ष महोदय : इसके अलावा और मैम्बर्स को मैं अलाऊ नहीं करूंगा। अब सभी पार्टियों का समय समाप्त हो गया है। जो टाइम अलॉटमैन्ट था, उसके हिसाब से अब मैं अलाऊ नहीं करूंगा।

श्रीमती रेनु कुमारी (खगड़िया) : सर, मुझे भी दो मिनट बोलने का समय दिया जाए।

SHRI K.P. SINGH DEO (DHENKANAL): Sir, I hope, these interruptions would not be counted within my allotted five minutes.

MR. SPEAKER: Certainly not.

श्री चन्द्रनाथ सिंह : सर, मुझे दो मिनट दे दीजिए।

अध्यक्ष महोदय : केवल दो मैम्बर्स हैं, इन्हें मैं एक-एक मिनट बोलने का समय दूंगा।